तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 26 जुलाई 2026



12 विद्यार्थियों को पॉक्सो, साइबर अपराध और विधिक....



13 कार्रवाई के अभाव में बस स्टैंड बना ऑटो स्टैंड






## खबर संक्षेप



### आदिवासी समाज का धरना प्रदर्शन 28 को

**जगदलपुर।** सर्व मूलनिवासी आदिवासी समाज ने नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने तथा छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों के समर्थन में 28 जुलाई को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन की घोषणा की है। बैठक में यह निर्णय लिया गया। समाज का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्च स्तरीय अथवा न्यायिक जांच कराई जानी चाहिए। जांच में किसी भी पुलिस अधिकारी, सुरक्षा कर्मी या अन्य व्यक्ति द्वारा नियमों के विरुद्ध बल प्रयोग अथवा कानून का उल्लंघन पाया जाता है, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही गैर-वर्दीधारी व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शनकारियों के साथ मारपीट किए जाने के आरोपों की भी स्वतंत्र जांच कर वास्तविक तथ्यों को सार्वजनिक किया जाए।

### फुटबॉल संघ का सेमिनार आज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के तत्वावधान में बस्तर जिला फुटबॉल संघ का फुटबॉल रैफरी लोगो का सेमिनार 26 जुलाई को है। सेमिनार में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव, कांकेर एवं बस्तर जिला से नए रेफरी ऑनलाइन फॉर्म भरने वाले भाग लेंगे। फुटबॉल के सभी नियमो को समझाया जाएगा। सेमिनार में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के इंस्ट्रक्टर रूपक मुखर्जी को नियुक्त किया है जो बस्तर संभाग के रेफरी को प्रशिक्षण देंगे। यह जानकारी बस्तर जिला फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप दास ने दी है।

### सीएस ने नियद नेल्लानार अभियान की समीक्षा की



**जगदलपुर।** मुख्य सचिव विकास शील ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियद नेल्लानार 2.0 सहित बस्तर मुन्ने अभियान की समीक्षा करते हुए चयनित जनहितकारी योजनाओं का एनसीएईआर सर्वे के आधार पर सेचुरेशन किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही इसे सतत रूप से जारी रखने पर जोर दिया। वहीं मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान द्वितीय चरण में चिन्हित मरीजों का फालोअप एवं उपचार सुविधाएं उपलब्ध करवाने कहा। इस दौरान कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में कमिश्नर डोमन सिंह, मुख्य वन संरक्षक स्टायलो मंडावी, कलेक्टर आकाश छिकारा, सीईओ जिला पंचायत तन्मय खन्ना समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### गुरु पूर्णिमा पर तीन दिनी उत्सव 28 से

**जगदलपुर।** धरमपुरा रोड के साई मंदिर के श्री साई सेवा समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरू पूर्णिमा का त्रिदिवसीय उत्सव 28 से 30 जुलाई से किया जाएगा। इसमें से 28 जुलाई की सुबह 5.30 बजे काकड़ आरती, 7 बजे महाभिषेक, 9 बजे श्री साई यज्ञ, 10 बजे फूलों से अर्चना, दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम 4 बजे पालकी यात्रा एवं कलश यात्रा मंदिर से अग्रसेन चौक, दंतेश्वरी मंदिर, गोल बाजार, स्टेट बैंक चौक, चांदनी चौक से अग्रसेन चौक होते हुए मंदिर में पहुंचकर समापन किया जाएगा। शाम 6.30 बजे आरती, रात्रि 10.30 बजे शेजारती, 29 जुलाई की दोपहर महाभंडारा एवं 30 जुलाई की सुबह 10 बजे साई बाबा पुष्प अर्चना तुलसी पूजन, सत्यनारायण कथा की जाएगी।

# खेत में मिले अज्ञात वन्यप्राणियों के पंजों के निशान, गारावंड के ग्रामीणों में खौफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बिलोरी के जंगलों के बाद अब बस्तर संभागीय मुख्यालय जगदलपुर से लगभग 6 किमी दूर गारावंड के खेत में शनिवार की सुबह अज्ञात वन्यप्राणी (जंगली जानवर) के पंजों के निशान मिलने से ग्रामीणों में भारी खौफ का माहौल बना हुआ है। खेत में बड़े आकार के पगचिह्न देखते ही ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद से पूरा वन विभाग अलर्ट मोड़ पर आ गया है। हालांकि वन विभाग ऐसे पगचिन्ह को लेकर इन्फ्रारेड ड्रोन कैमरे से सघन निगरानी की जा रही है। शहर से सटे गारावंड क्षेत्र में उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब स्थानीय ग्रामीणों ने एक खेत में बड़े आकार के संदिग्ध पगचिन्ह (पंजों के निशान) देखे। पगमार्क मिलने की खबर फैलते ही पूरे गांव में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों को आशंका है कि क्षेत्र में तेंदुआ या बाघ जैसा कोई हिंसक जंगली जानवर घूम रहा है। इसके लिए डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एसडीओ योगेश कुमार रात्रे, करपावंड के परिक्षेत्र अधिकारी सौरभ रजक की 5 टीम निगरानी में जुटी हुई।

## 5 टीमें पगचिन्ह को लेकर इन्फ्रारेड ड्रोन कैमरे से कर रही निगरानी

### गांव में की जा रही मुनादी

विभाग ने ग्रामीणों से अपील कि जब तक स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो जाती, तब तक कोई भी ग्रामीण लकड़ी बीनने, मवेशी चराने या अन्य किसी काम से बिलोरी और माचकोट से लगे जंगलों की तरफ न जाए। इसके साथ ही तड़के और देर रात के समय सुनसान रास्तों पर अकेले निकलने से बचने, बच्चों तथा बुजुर्गों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। पालतू मवेशियों को रात में खुले में छोड़ने के बजाय सुरक्षित बाड़े में बांधने की सलाह दी गई है।





### शिकार की कोई सूचना नहीं मिली

वन विभाग जगदलपुर के एसडीओ श्री रात्रे ने बताया कि पगचिन्ह पर विभाग की 5 टीमें लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। इन्फ्रारेड ड्रोन कैमरे से दिन और रात दोनों समय वन्यप्राणी की सटीक मूवमेंट मिल सकेगी। अब तक किसी भी जगह से मवेशियों के शिकार की कोई सूचना नहीं मिली है।

## 372 युवाओं ने किया भाजपा प्रवेश, समाज व राष्ट्रहित में योगदान देने का लिया संकल्प


# सुरक्षा बलों और शासन के प्रयासों से क्षेत्र में शांति का वातावरण हुआ मजबूत : गागड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

नगर के कृष्णा पामभोई क्लब मैदान में भाजयुमो का सम्मेलन एवं सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बीजापुर जिले के सभी विकासखंडों एवं मंडलों से बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं और नवप्रवेशी सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिले के अनेक जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

■ युवा मोर्चा के सम्मेलन में सभी मंडल के लोग जुटे

कार्यक्रम के दौरान युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के नेतृत्व में सदस्यता महाअभियान के तहत जिले के विभिन्न मंडलों से आए 372 युवाओं को सदस्यता दिलाई गई। नवप्रवेशी सदस्यों को भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया गया। सदस्यता ग्रहण करने वाले युवाओं ने संगठन की विचारधारा के अनुरूप कार्य करने और समाज व राष्ट्रहित में योगदान देने का संकल्प लिया। वर्तमान एवं पूर्व जिला अध्यक्षों ने संगठन की मजबूती, युवा शक्ति की भूमिका और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनकल्याण एवं विकास को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही हैं। उन्होंने सरकार द्वारा सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों का उल्लेख करते कहा कि सुरक्षा बलों और शासन के प्रयासों से क्षेत्र में शांति एवं विकास का वातावरण मजबूत हुआ है। इसी बदले हुए माहौल में भोपालपटनम में इतने बड़े स्तर पर युवा सम्मेलन का आयोजन संभव हो सका, जिसमें जिले के साथ-साथ प्रदेश स्तर के नेताओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही।



### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर, पियूष प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, श्रीनिवास मुदलियार, हरिहर साहनी, जया चिडेम, सरिता कुडेम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैया , जिलापंचायत सदस्य कविता कोरम, जनपद उपाध्यक्ष नीलम गणपत, उजेंद्र वासम, सतेंद्र ठाकुर, बिलाल खान, जागर लक्षमैया, नरसिंह रेड्डी, यालम वेंकट, के श्रीनिवास, अनकारी सुधाकर, पी आनंद , के जी सुधाकर, कीर्ति बापू, लंबारी चंद्रैया, सरपंच संघ के अध्यक्ष यालम सुरेश, फारुख खान मौजूद रहे।

# नानगुर में कांग्रेस ने फूंका प्रधानमंत्री का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निदेर्शानुसार ब्लॉक कांग्रेस नानगुर के अध्यक्ष फूलसिंह बघेल की अगुवाई में केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा में पेपर लीक, छात्रों के साथ हुए लाठीचार्ज तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की हिरासत के विरोध में नारेबाजी की। प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। मौर्य ने कहा कि लाखों छात्र-छात्राएं कठिन परिश्रम कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। ऐसे में परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता से विद्यार्थियों के भविष्य और उनके वर्षों की मेहनत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक रेखचंद जैन, नीलूराम बघेल, लैखन बघेल हीरालाल ध्रुव, विजेन्द्र ठाकुर, जगन्नाथ बघेल, राजेश कश्यप, गणेश सेठिया, बोटी नाग, प्रदीप सेठिया, जय कुमार थोबी, चमन लाल देहारी, खेमराज सेठिया, शिव बघेल, देवनाथ बघेल,मंगतू कश्यप, श्याम सुंदर, बुधराम, रामेश्वर लखीराम, चुन्नू कश्यप, जयराम नाथ,काशीराम नाग, सुखमन कश्यप खीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

■ विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की



# डॉक्टर बनने के बाद सभी वापस बस्तर लौटें और स्वास्थ्य सेवा का करें कार्य : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा क्वालीफाई करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करने कलेक्टर आकाश छिकारा ज्ञानगुड़ी पहुंचे। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य की राह आसान बनाने के लिए एक विशेष काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया। कलेक्टर ने सफल विद्यार्थियों के साथ सहज और आत्मीय माहौल में संवाद करते उन्हें काउंसलिंग प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए काउंसलिंग के दौरान अत्यंत सावधानीपूर्वक विकल्पों का चयन करना कितना महत्वपूर्ण होता है। इसके साथ ही उन्होंने किसी भी अंतिम क्षण की हड़बड़ाहट या असुविधा से बचने के लिए आवश्यक दस्तावेजों को समय रहते तैयार और व्यवस्थित रखने का सुझाव दिया। इस

▶▶| शेष पेज 12 पर

■ कलेक्टर ने नीट में सफल अभ्यर्थियों से की चर्चा



### सफलता में माता-पिता का त्याग

कलेक्टर ने कहा बच्चों की सफलता के पीछे माता-पिता के त्याग और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन होता है। उन्होंने सभी होनहारों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, जिला मिशन समन्वयक अशोक पांडे, ज्ञानगुड़ी प्रभारी अलेक्जेंडर एम. चेरियन, जी. श्रीनिवास राव, मनीष श्रीवास्तव एवं संजीव बिस्वास उपस्थित रहे।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद आतिशबाजी के साथ जश्न



**जगदलपुर।** नीट मामले में आज केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया। इससे कांग्रेसियों में खुशी देखी गई। शाम को राजीव भवन में कांग्रेस ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि संसद से सड़क तक राहुल गांधी ने छात्रों के लिए लड़ाई लड़ी, कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ इस लड़ाई में बच्चों के साथ खड़ी थी। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा 5 वर्ष में 93 बच्चों ने आत्म हत्या की, पेपर लीक में जिन बच्चों ने आत्म हत्या की उनके परिजनों को मुआवजा और जिन बच्चों को गिरफ्तार किया गया है उन्हें रिहा किया जाए। उन्होंने कहा कि छात्रों के उग्र आंदोलन के बाद धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा नैतिकता के आधार पर नहीं बल्कि दबाव से दिया गया । इस अवसर पर बलराम यादव, हेमू उपाध्याय, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ राजीव भवन के सामने कांग्रेसियों ने खुशी जाहिर की

# इतवारी बाजार में शौचालय का अभाव दर्जनों गांव के ग्रामीण होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर का साप्ताहिक इतवारी बाजार जिसे लोग संजय मार्केट के नाम से भी जानते हैं। यह बुनियादी सुविधाओं के अभाव के चलते हमेशा से चर्चा में रहता आया है। रविवार छुट्टी का दिन होने से यहां आसपास के दर्जनों गांव से ग्रामीण बड़ी संख्या में साग सब्जी बेचने आते हैं। बारिश में निर्धारित स्थान में गंदगी के कारण सब्जी बेचने वाले ये ग्रामीण सड़क के किनारे फुटपाथ में दुकान लगाते हैं। बाजार परिसर में सुलभ शौचालय नहीं होने के कारण इन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हरिभूमि से चर्चा में ग्रामीणों ने बताया कि सुलभ शौचालय नहीं होने से खुले में दूर जाना पड़ता है। इस बाजार में दूर दूर तक सुलभ शौचालय नहीं होने से बाजार आए लोगों को परेशान होना पड़ता है। जबकि निगम प्रशासन ने बाजार के सुव्यवस्थापन और विकास के लिए 2026-27 में 200 लाख रुपए बजट का प्रावधान किया है। जिसके अंतर्गत सड़क और मार्ग सुधार, सुव्यवस्थित दुकान लेआउट, वाहन पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा सुविधाओं का विस्तार किया जाना है। लेकिन

▶▶| शेष पेज 12 पर

■ समस्याओं का अंबार है इतवारी बाजार में



### महापौर को दिया है प्रस्ताव

इतवारी बाजार में रोड अतिक्रमण कर सब्जी बेचने वाले को व्यवस्थित करने के लिए मैंने प्रस्ताव बनाकर एमआईसी से साइन करवाकर महापौर को भेज दिया है। जल्द ही इसपर कोई निर्णय लिया जाएगा।

- राणा घोष, सभापति बाजार समिति

### टैक्स वसूली पर सुविधा नहीं

नगर निगम सब्जी बेचने वाले से यूजर्स चार्ज लेती है लेकिन उनके बैठने की व्यवस्था नहीं करती। इस कारण ग्रामीण सड़क पर बैठने को मजबूर हैं।

- राजेश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम

## अभिषेक विधान के बाद भक्तों को किया भोजन प्रसाद वितरण

# तोलि एकादशी पर किया भगवान श्री बालाजी का भव्य दुग्धाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के बालाजी मंदिर में देवशयनी एकादशी के अवसर पर भगवान का दुग्धाभिषेक संपन्न हुआ। भगवान गणेश, भगवान बालाजी, माता श्रीदेवी-भूदेवी, गरूड़ देव सहित दशावतार प्रतिमाओं का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भक्तों ने दूध से अभिषेक किया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने चाँदी और लक्ष्मी कलशों से भगवान का अभिषेक किया। बताया जा रहा है कि सनातन धर्म में आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर मनाई जाने वाली देवशयनी एकादशी का विशेष महत्व है। इसी दिन श्रीहरि विष्णु चार माह के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं। ऐसे में अगर भक्त इस दिन व्रत और पूजा करते हैं, तो भगवान की विशेष कृपा के पात्र बनते हैं। पौराणिक मान्यता अनुसार इस दिन श्रीहरि विष्णु क्षीरसागर में शेषनाग की शैया पर योगनिद्रा में प्रवेश करते हैं। इसी के साथ चातुर्मास की शुरूआत हो जाती है, जो देवउठनी एकादशी तक चलती है। श्री बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी श्रीकांत आचार्य ने इस अवसर पर भक्तों को बताया कि इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे। देवशयनी एकादशी पर पूजा और व्रत के साथ दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र, जल या दक्षिणा का दान करने से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होने की मान्यता है।



सुबह से प्रारंभ हुए अभिषेक विधान के पश्चात मंदिर परिसर में भक्तों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। तोलि एकादशी पूजा विधान में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान श्री बालाजी मंदिर ट्रस्ट एवं बस्तर जिला आंध्र समाज के वालंटियर सेवा कार्य में जुटे रहे।




# विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी प्रथा आत्मविश्वास और सुरक्षा का संदेश

## लंजोड़ा स्कूल में वृहद विधिक जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव खिलावन राम रिगरी के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय के नेतृत्व में शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश / हिन्दी, माध्यम स्कुल लंजोड़ा, जिला-कोण्डागांव में वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यकम में प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट, स्कूल के प्राचार्य संजय देवांगन व अन्य शिक्षकगण एवं अधिकार मित्र रंजन कुमार बैध, लोकेश कुमार यादव उपस्थित रहे।

शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, निःशुल्क विधिक सहायता, महिला एवं बाल संरक्षण कानूनों, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, साइबर अपराधों से बचाव तथा अन्य महत्वपूर्ण विधिक प्रावधानों की जानकारी देकर उन्हें विधिक रूप से जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में सुरेन्द्र भट्ट ने विद्यार्थियों को बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराता है। साथ ही उन्हें यह भी जानकारी दी गई कि किसी भी प्रकार के शोषण, हिंसा, बाल विवाह, बाल श्रम, साइबर ठगी, ऑनलाइन उत्पीड़न अथवा अन्य कानूनी समस्या की स्थिति से संबंधित विभागों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सहायता प्राप्त की जा सकती है। शिविर के दौरान पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों, बच्चों के अधिकारों, शिक्षा के अधिकार, महिला सम्मान, डिजिटल सुरक्षा तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदारी उपयोग के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।



### विद्यार्थियों के सवालों के दिए जवाब

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न विधिक विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका सरल एवं व्यवहारिक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। अंत में विद्यालय परिवार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे जागरूकता शिविरों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं विधिक सशक्तिकरण की दिशा में अत्यंत उपयोगी बताया।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजापुर में विधिक जागरुकता शिविर

# विद्यार्थियों को पॉक्सो, साइबर अपराध और विधिक सहायता की दी निशुल्क जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजापुर में वृहद विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं विभिन्न कानूनों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। शिविर में अधिकार मित्र सुप्रिया शील ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम, साइबर अपराध से बचाव, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, महिला एवं बाल अधिकार, संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

### विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने का संदेश

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया और उन्हें कानून का सम्मान करने, अनुशासित जीवन अपनाने तथा समाज में विधिक जागरुकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती श्यामलता पदमाकर सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## कन्या आश्रम धनोरा में लगा विधिक जागरूकता शिविर



कन्या आश्रम धनोरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में छात्रओं के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक कर उन्हें सुरक्षित और सशक्त बनाना था। पॉक्सो अधिनियम और 'गुड टच–बैड टच' पर जागरूक किया गया। शिविर में पुलिस अधिकारियों और अधिकार मित्र ने छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम, बाल संरक्षण कानून, 'गुड टच–बैड टच' की पहचान तथा किसी भी अनुचित व्यवहार की स्थिति में बिना डर शिकायत करने की जानकारी दी। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन और अन्य सहायता सेवाओं की जानकारी भी साझा की गई। साइबर सुरक्षा और कानूनी सहायता पर भी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराध से बचाव तथा किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में कानूनी सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में एसआई प्रदीप साहू, आश्रम अधीक्षिका राधिका नाग, अधिकार मित्र चमेली यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिला किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराएं: सीईओ जिपं



**कोण्डागांव।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अविनाश भोई की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत द्वितीय तिमाही जिला स्तरीय समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकासखंडों के आजीविका नोडल, आईएफसी क्लस्टर प्रतिनिधि, एफपीओ अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में आईएफसी क्लस्टर की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि खरीफ फसल सीजन को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित योजना के अनुसार सभी क्लस्टरों तक समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए, ताकि महिला किसानों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही वर्ष 2025–26 के लक्ष्यों एवं नए आईएफसी क्लस्टरों की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय पीजी अभियान के तहत नए उत्पादक समूहों के गठन, उनके बिजनेस प्लान तैयार करने तथा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने सभी आजीविका नोडलों को उत्पादक समूहों, आईएफसी क्लस्टर और एफपीओ के बीच समन्वय बढ़ाने तथा ग्राम उद्यमिता पोर्टल पर समूहों की प्रोफाइल एवं सदस्यता संबंधी जानकारी समय पर अपडेट करने के निर्देश दिए।

हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी ने किया वितरण

# कोंडागांव के 40 शिल्पकारों को मिले आधुनिक टूल किट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत ने शिल्पनगरी कोंडागांव का दौरा कर 40 बेलमेटल एवं लौहशिल्प शिल्पकारों को आधुनिक टूल किट वितरित किए। इस दौरान उन्होंने शिल्पकारों से संवाद कर उनकी जरूरतों और कार्यों की जानकारी भी ली। पारंपरिक शिल्प को राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती राजपूत ने कहा कि राज्य सरकार स्थानीय कला, संस्कृति और पारंपरिक शिल्प के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने शिल्पकारों से आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण लेकर बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करने तथा शबरी एम्पोरियम जैसे मंचों का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिल्पकार उपस्थित रहे।

**ब्रांडिंग और विपणन को मिलेगा बढ़ावा:** बोर्ड की अध्यक्ष ने बताया कि हस्तशिल्प उत्पादों की बेहतर ब्रांडिंग, आकर्षक पैकेजिंग और प्रभावी विपणन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि आधुनिक टूल किट से शिल्पकारों के कार्य की गुणवत्ता बढ़ेगी और उन्हें बाजार में बेहतर अवसर मिलेंगे।



# समूह बैंक लिंकेज और महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने कार्यशाला आयोजित

**कोण्डागांव।** जिला पंचायत सभाकक्ष में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत समूह बैंक लिंकेज एवं वूमेन एंटरप्राइजेस व्यक्तिगत ऋण योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में राज्य कार्यालय के अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बैंक लिंकेज की प्रगति और ऋण वितरण को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में स्वयं सहायता समूहों को अधिक ऋण उपलब्ध कराने, बैंकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा एनपीए की राशि कम करने के लिए समूहों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रें में आजीविका गतिविधियों के विस्तार पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण में बैंक सखी, एफएलसीआरपी, क्षेत्रीय समन्वयक एवं बिहान टीम को महिला उद्यमिता, मुद्रा लोन, स्वयं सिद्धा योजना सहित विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर लखपति दीदी बनाने के अभियान को गति देने पर विशेष जोर दिया।

# फरसगांव के 16 खिलाड़ी राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए जशपुर रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

जशपुर में 26 से 29 जुलाई तक आयोजित राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल फरसगांव के 16 खिलाड़ियों का चयन बस्तर संभाग की 17 वर्ष आयु वर्ग हॉकी टीम में हुआ है। चयनित खिलाड़ी शुक्रवार को अपने कोच श्रीमती जागृति पटेल के नेतृत्व में जगदलपुर से बस द्वारा जशपुर के लिए रवाना हुए। संयुक्त संचालक शिक्षासंभाग बस्तर द्वारा जारी आदेश के अनुसार चयनित खिलाड़ियों में गंगा मुचाकी, सेवक राम नेताम, निलेश मंडावी, पुष्पेंद्र कुमार नेताम, आकाश नेताम, आशीष मरकाम, कृष्णा बारसे, राहुल मंडावी, नीमप्रकाश मरकाम, खेम सिंह कोर्राम, प्रेमलाल नेताम, तेजेश्वर नेताम, युग बारसे, शुभांशु शोरी, अरुण कुमार नेताम एवं चिन्मय नेताम शामिल हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए एक साथ 16 खिलाड़ियों के चयन को विद्यालय की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। खिलाड़ियों के रवाना होने के दौरान विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

# न किसी से राय न मशविरा, सरकारी जमीन पर कुकर फैक्ट्री एलॉट कर दी



**धमतरी।** प्रेशर कुकर फैक्ट्री के लिए 12 एकड़ सरकारी जमीन को लीज में दे दिया गया है। इस फैक्ट्री से सरकारी जमीन तो जा रही है, साथ ही प्रदूषण का खतरा बना हुआ है। इस फैक्ट्री को ग्रामीण बर्दास्त करने के मूड में नहीं हैं। उन्होंन चेतावनी दी है कि इस मामले में कार्रवाई नहीं होती तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। आंदोलन शांतिपूर्वक रहेगा।

मामला ग्राम पंचायत कोड़ापार का है। यहां के आश्रित गांव भरदा की करीब 5 हेक्टेयर(12 एकड़) सरकारी जमीन को कुकर फैक्ट्री स्थापित करने के लिए निजी व्यक्ति को लीज पर दी जा रही है। इस प्रक्रिया के लिए न तो ग्रामीणों से सहमति ली गई है और न ही ग्रामसभा में अनुमोदन किया गया है। पंचायत द्वारा अपने स्तर पर एनओसी देकर फैक्ट्री लगाने के लिए छूट दे दी है। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया। तीन से चार बार शिकायत करने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शुक्रवार को फिर ग्रामीण फिर कलेक्टोरेट पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। इस बार उन्होंने अल्टीमेटम दिया है कि कार्रवाई नहीं होती है तो वे फैक्ट्री के विरोध में शांतिपूर्वक तरीके से आंदोलन करेंगे। कलेक्टोरेट पहुंचने वालों में भीमशंकर, राजेश, धीरज चौहान, आनंद कुमार साहू, दिपांकर प्रसाद साहू, प्रीत कुमार साहू, रोशन बारले, इंदल सिंह, ओमप्रकाश सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

पेज 11 के शेष

### डॉक्टर बनने के बाद...

दौरान बच्चों को प्रेरित करते कलेक्टर ने भावुक और विचारणीय संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर बनने के बाद सभी अभ्यर्थी वापस बस्तर लौटें और अपने क्षेत्र के लोगों के बीच रहकर स्वास्थ्य सेवा का कार्य करें। उन्होंने बच्चों को आश्वस्त किया कि आगे की पढ़ाई या प्रवेश प्रक्रिया में यदि किसी भी प्रकार की समस्या या कठिनाई आती है, तो वे निसंकोच जिला प्रशासन और अपने ज्ञानगुड़ी के शिक्षकों का सहयोग ले सकते हैं। कार्यक्रम में कलेक्टर ने बच्चों से ज्ञानगुड़ी में उनकी पढ़ाई के अनुभवों और तैयारियों के सफर को सुना, साथ ही अपने स्वयं के शैक्षणिक और प्रशासनिक अनुभवों को भी साझा किया।

### इतवारी बाजार में ....

साप्ताहिक बाजार में इन सुविधाओं का अभाव नजर आता है। नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि इतवार के दिन इस रोड पर ट्रैफिक जाम की स्थिति होती है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्यवसायिक परिसर, बस स्टैंड व्यवसायिक परिसर के दुकानों से 2000 से 3000 रुपए लेते है। लेकिन सफाई व्यवस्था नगण्य है। इतवारी बाजार परिसर में बन रहे पार्किंग व्यवस्था पर उन्होंने ने कहा कि 2 वर्ष से अधिक का समय गुजर गया लेकिन वो अभी तक अधूरा है। महापौर से इस संबंध में 1 वर्ष पहले बात हुई तो उन्होंने आश्वासन दिया था कि एक वर्ष के अंदर मल्टीलेवल पार्किंग व्यवस्था बन जाएगी 1 वर्ष बीत गया लेकिन समस्या जस की तस है।

## खबर संक्षेप



### बालिकाओं को मिला आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** बेटी बचाओ–बेटी पढाओ अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में किशोरी बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास विकसित करना तथा उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना था। आत्मरक्षा तकनीकों के साथ हेल्पलाइन और कानूनी अधिकारों की दी जानकारी – प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को आत्मरक्षा की व्यावहारिक तकनीकों का अभ्यास कराया गया। साथ ही छेड़छाड़ हिंसा और आपात स्थिति में सही निर्णय लेने, चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, साइबर हेल्पलाइन सहित विभिन्न सहायता सेवाओं तथा बालिका शिक्षा, लैंगिक समानता, बाल विवाह रोकथाम और महिलाओं के अधिकारों की जानकारी दी गई।

### भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष का 27 को आगमन, तैयारी को लेकर बैठक



**फरसगांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के 2026 सदस्यता अभियान के तहत 27 जुलाई को माकड़ी एवं फरसगांव मंडल में आयोजित कार्यक्रम तथा भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया के प्रस्तावित आगमन को लेकर शुक्रवार को भाजपा कार्यालय फरसगांव में तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक में भाजयुमो जिला अध्यक्ष सहित जिला एवं मंडल पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान सदस्यता अभियान को सफल बनाने, प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय करने तथा कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बूथ स्तर तक अधिकाधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने की रणनीति बनाई गई। फरसगांव मंडल अध्यक्ष देवेंद्र निषाद एवं महामंत्री रामकुमार कोर्राम ने सदस्यता अभियान को संगठन विस्तार का महत्वपूर्ण अभियान बताते हुए सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अभियान को सफल बनाने की अपील की।

### राज्य खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन जारी

**कोण्डागांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने वर्ष 2025–26 के लिए राज्य खेल अलंकृत पुरस्कार, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, खेलवृत्ति डाइट मनी, प्रेरणा निधि एवं विभिन्न सम्मान योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। योजना के तहत राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार सहित विभिन्न सम्मानों के साथ आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। वहीं मुख्यमंत्री ट्रॉफी के अंतर्गत विजेता टीमों को ट्रॉफी, प्रमाण–पत्र और लाखों रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी 05 अगस्त 2026 तक खेल एवं युवा कल्याण विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### प्रयास विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा के नतीजे

**कोण्डागांव।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2026–27 में कक्षा 9वीं प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। विभागीय वेबसाइट पर काउंसलिंग के लिए चयनित छात्र–छात्रओं की सूची एवं तिथि जारी कर दी गई है। काउंसलिंग प्रक्रिया 05 अगस्त 2026 तक संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालयों में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के अनुसार अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, अध्ययन प्रमाण पत्र, विशेष श्रेणी एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रें सहित सभी अनिवार्य दस्तावेज लेकर काउंसलिंग स्थल पर उपस्थित होना होगा।



## खबर संक्षेप

### विपक्ष छात्रों के मुद्दे पर राजनीति कर रहा

**गीदम।** भाजपा नेता राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था संसद है। यहीं देशहित के महत्वपूर्ण विषयों पर



चर्चा होती है, सरकार से जवाब मांगा जाता है और जवाबदेही तय की जाती है। वर्तमान में संसद का मानसून सत्र चल रहा है और सरकार छात्रों सहित हर जनहित के मुद्दे पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि जब सरकार सदन में हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है, तो विपक्ष द्वारा संसद का मंच छोड़कर सड़कों पर प्रदर्शन करने की क्या आवश्यकता है, यदि विपक्ष वास्तव में छात्रों के हितों के प्रति गंभीर होता, तो वह संसद में सरकार से सवाल पूछता, बहस करता और समाधान प्रस्तुत करता। लेकिन दुर्भाग्य से विपक्ष छात्रों के भविष्य को मुद्दा नहीं, बल्कि राजनीति का माध्यम बना रहा है।

### विपक्ष का मकसद भ्रम और अराजकता फैलाना

**बीजापुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष घासीराम नाग ने नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई ऐतिहासिक एवं कड़े कदमों की घोषणा तथा अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक द्वारा अनशन समाप्त किए जाने के



बाद कांग्रेस सहित इण्डी गठबंधन के घटक दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इन घटनाक्रमों ने विपक्ष के असली राजनीतिक चरित्र और उनके भारत विरोधी एजेंडे की पूरी तरह पोल खोल दी है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए त्वरित और अभूतपूर्व कदम उठाने की घोषणा की है। उनके नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा न केवल त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन के निर्देश दिए हैं, बल्कि दोषियों को 5 से 10 साल की कड़ी सजा, कठोर जमानत शर्तों और दोषी पाए जाने पर संबंधित कोचिंग संस्थानों को बंद करने जैसे कठोर प्रावधानों वाले कानून का मसौदा तैयार करवाया जा रहा है।

## सुकमा बस स्टैंड में ऑटो चालकों की मनमानी

# कार्रवाई के अभाव में बस स्टैंड बना ऑटो स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

जिला मुख्यालय स्थित कथित अंतरराजयीय बस स्टैंड में ऑटो रिक्शा चालकों की मनमानी और यातायात पुलिस की निष्क्रियता के चलते यात्रियों को प्रतिदिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड के मुख्य प्रवेश और निकास मार्ग पर ऑटो रिक्शा आड़े-तिरछे खड़े कर सवारियां भरने के कारण सुबह से लेकर शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। इसका सबसे अधिक असर बसों के संचालन और यात्रियों की आवाजाही पर पड़ रहा है।

■ पुलिस की निष्क्रियता से रोज लग रहा जाम

बस स्टैंड परिसर में ऑटो स्टैंड बनाए जाने के बावजूद अधिकांश चालक निर्धारित स्थान का उपयोग नहीं करते। बसों के आने-जाने वाले मार्ग पर ही ऑटो खड़े कर सवारियां बैठाई जाती हैं, जिससे बसों को प्रवेश और निकास में कठिनाई होती है। कई बार बस चालकों को लंबी देर तक इंतजार करना पड़ता है, वहीं यात्रियों को भी बस तक पहुंचने में धक्का-मुक्की और अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है।





### यात्रियों को अधिक परेशानी

बस स्टैंड से यात्रा करने वाली महिलाओं और बुजुर्गों का कहना है कि भीड़ और जाम के कारण उन्हें काफी दिक्कत होती है। बस पकड़ने के लिए रास्ता तक नहीं मिल पाता और ऑटो चालकों के बीच सवारियां बैठाने की होड़ से हालात और खराब हो जाते हैं। कई बार बच्चों और बुजुर्गों के गिरने तक की नौबत आ जाती है।

### पुलिस की उपस्थिति केवल औपचारिकता

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यातायात व कोतवाली पुलिस समय-समय पर बस स्टैंड पहुंचकर कुछ देर के लिए चहलकदमी तो करती है, लेकिन अव्यवस्थित बस स्टैंड को लेकर कोई कार्रवाई नहीं होती। सुबह से लेकर शाम को ऑटो चालक बसों के मार्ग पर वाहन खड़े कर देते हैं। इससे स्पष्ट है कि यातायात नियमों का पालन कराने में सख्ती का अभाव है।

### स्थायी समाधान की मांग

शहरवासियों और यात्रियों ने जिला प्रशासन तथा पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि बस स्टैंड परिसर में ऑटो चालकों के लिए निर्धारित स्टैंड का सख्ती से पालन कराया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर नियमित चालानी कार्रवाई की जाए तथा बस स्टैंड पर स्थायी यातायात व्यवस्था लागू की जाए, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

### टैक्सी युनियन के साथ होगी बैठक

जिला मुख्यालय के बस स्टैंड में बढ़ते अव्यवस्थित यातायात को लेकर एएसपी मनोज तिर्की ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जल्द ही इसे लेकर यातायात विभाग और टैक्सी युनियन की बैठक आहुत की जावेगी साथ ही बस स्टैंड व्यवस्थित हो सके।



### दुर्घटना की रहती आशंका

बस स्टैंड पर हर समय यात्रियों की भीड़ रहती है। ऐसे में ऑटो रिक्शा का अव्यवस्थित संचालन कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। लंबी दुरी के लिए चलने वाली बसों की लंबाई ज्यादा होने के कारण बसों के मुड़ने और निकलने में लगातार बाधा उत्पन्न होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### रिक्त स्थान पर मिले अनुमति

सुकमा बस स्टैंड से मुख्य रूप से गादीरास, छिंदगढ़, केरलापाल, कुम्हाररास जाने वाली ऑटो बहुतायात संख्या में रहती है। गौरतलब है कि बस स्टैंड के पीछे काफी रिक्त स्थान है और अगर दो दो टैक्सी को बस स्टैंड में खडे होने की अनुमति देते हुए बाकी को वेटिंग में रखे जाने से व्यवस्था दुरूस्त हो जाऐगी।

### मुख्य बिंदु

- बस स्टैंड के प्रवेश और निकास मार्ग पर ऑटो चालकों का कब्जा
- निर्धारित ऑटो स्टैंड होने के बावजूद नियमों की अनदेखी
- यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को रोजाना परेशानी
- यातायात पुलिस की कार्रवाई अस्थायी, स्थिति फिर जस की तस
- प्रशासन से नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई की मांग

## एल्डरमैनों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरंदुल

नगर पालिका परिषद किरंदुल के सभा कक्ष में शुक्रवार को राज्य शासन द्वारा मनोनीत एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नव-नियुक्त एल्डरमैनों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर अपने दायित्वों का निर्वहन शुरू किया।

अनुविभागीय दंडाधिकारी ने राज्य शासन द्वारा मनोनीत एल्डरमैन संजीव दास, शेख नजमुल हक, पी. श्रीनु, जोशना सवाई और सुनीता साहू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण के बाद एल्डरमैन संजीव दास ने राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर के 18 वार्डों में विकास, जनहित के कार्यों और नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए वे हमेशा सक्रिय रहेंगे।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दन्तेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता तथा अध्यक्षता नगर पालिका परिषद किरंदुल की अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह ने की, नगर पालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी सहित पार्षदगण बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समापन में मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## ढाई वर्षों की यादगार सेवा को मिला सम्मान

# पुलिस अधीक्षक को जिला प्रशासन ने दी विदाई

कलेक्टर ने कहा बीजापुर के स्वर्णिम बदलाव में डॉ. यादव की भूमिका रहेगी स्मरणीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले में लगभग ढाई वर्षों के सफल, समर्पित एवं उल्लेखनीय कार्यकाल के उपरांत कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक के रूप में स्थानांतरित हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव को जिला प्रशासन ने जिला कार्यालय में विदाई दी।

समारोह में कलेक्टर विश्वदीप सहित जिला प्रशासन, वन विभाग एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने डॉ. यादव के उत्कृष्ट योगदान को याद करते हुए उनके



उज्ज्वल भविष्य, कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि बीजापुर जैसे लंबे समय तक माओवादी गतिविधियों से प्रभावित जिले में डॉ. जितेन्द्र यादव का कार्यकाल ऐतिहासिक और प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में पुलिस, प्रशासन एवं सुरक्षा बलों के उत्कृष्ट समन्वय से जिले ने विकास, सुरक्षा और शांति की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में संचालित सफल अभियानों, सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा जनविश्वास को मजबूत करने वाले प्रयासों ने बीजापुर को नई पहचान दिलाई है। उनका यह कार्यकाल जिले के लिए एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा। कलेक्टर ने कहा कि उन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में धैर्य, संवेदनशीलता, दूरदर्शिता और दृढ़ नेतृत्व का परिचय देते हुए प्रशासन एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया। उनके नेतृत्व में न केवल सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई, बल्कि आम नागरिकों में विश्वास का वातावरण भी विकसित हुआ।

उन्होंने कबीरधाम जिले में नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सुखमय जीवन की कामना की। समारोह में इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के उप संचालक संदीप बलगा, डीएफओ डॉ. जाधव सागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे, आईपीएस रविन्द्र मीणा एवं आईपीएस अमन कुमार झा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी अधिकारियों ने डॉ. यादव के साथ कार्य करने के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व सदैव प्रेरणादायी, सहयोगपूर्ण और टीम भावना को प्रोत्साहित करने वाला रहा। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी डॉ. यादव ने शांतचित्त होकर निर्णय लिए और सभी विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रशासनिक कार्यों को नई दिशा दी।

अपने विदाई उद्बोधन में डॉ. जितेन्द्र यादव भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि बीजापुर में बिताया गया समय उनके जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण और अविस्मरणीय अध्याय रहेगा।

## स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बचेली

एनएमडीसी के नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत आयोजित बैलाडीला कबड्डी लीग सीजन-1 के तीसरे दिन किरंदुल फुटबॉल मैदान एवं बचेली हॉकी मैदान में खेले गए लीग मुकाबलों में ग्रामीण खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल और जुझारूपन का परिचय दिया। प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं खेल प्रेमी भी मैदान पहुंचे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

किरंदुल के मुकाबलों में पूल-ए से ग्राम पंचायत कलेपाल तथा पूल-बी से ग्राम पंचायत हिरोली की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, बचेली से ग्राम पंचायत दुगेली एवं ग्राम पंचायत गामावाड़ा की टीमें भी सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाने में सफल रहीं। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले रविवार को एनएमडीसी टाउनशिप, बचेली के हॉकी मैदान में खेले जाएंगे। चारों टीमें खिताब जीतने के लिए आमने-सामने होंगी, जिससे रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद है। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर 26 जुलाई शाम लगभग 5 बजे पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, परियोजना के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहेंगे। विजेता एवं उपविजेता टीमों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा ट्रॉफी व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।



## बच्चों ने मनाई डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहंडीगुड़ा

पीएम श्री शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय (सेजेस) लोहंडीगुड़ा में शनिवार को बैगलेस डे गतिविधि में डॉ. खूबचंद बघेल जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने डॉ. खूबचंद बघेल के जीवन, व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को दर्शाते हुए आकर्षक चित्र एवं पोस्टर तैयार किए। विद्यार्थियों ने उनके विचारों, शिक्षा, समाज सेवा तथा छत्तीसगढ़ के विकास में उनके योगदान पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प भी लिया। विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापर्डे ने विद्यार्थियों को कहा कि उनका जीवन हमें सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना से कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। यह आयोजन शनिवार की बैगलेस डे गतिविधि के अंतर्गत किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा एवं वक्तृत्व कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## उल्लास केंद्रों के नियमित संचालन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

जनपद पंचायत बस्तर में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता बस्तर एबीईओ एवं विकासखंड नोडल अधिकारी उल्लास सुशील कुमार तिवारी ने की। बैठक में विकासखंड बस्तर के सभी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे। उल्लास केंद्रों के नियमित संचालन एवं सतत अवलोकन पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही आगामी उल्लास महापरीक्षा की तैयारी समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

■ जनपद कार्यालय में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

इसके अतिरिक्त बैठक में विद्यार्थियों के जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र समय पर बनवाने, अंकसूची त्रुटि सुधार की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने, जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा हेतु पात्र विद्यार्थियों के आवेदन पत्र भरवाने तथा एनएमएमएस परीक्षा के लिए चयनित विद्यार्थियों का 30 जुलाई तक अनिवार्य रूप से पंजीयन सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान वीएसके ऐप में प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करने, विनोबा ऐप पर बोलेगा बचपन गतिविधि के वीडियो नियमित रूप से अपलोड करने, मध्यान्ह भोजन का प्रतिदिन सुचारु संचालन, विद्यालय एवं शौचालयों की नियमित साफ-सफाई, तथा विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अंत में सुशील कुमार तिवारी ने सभी संकुल समन्वयकों से शासन के निर्देशों का गंभीरतापूर्वक पालन करते हुए विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने, शैक्षणिक गतिविधियों की सतत निगरानी रखने तथा सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आग्रह किया, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके।



# जेल में बंद आदिवासियों पर सरकार दिखाए संवेदनशीलता : मंडावी

## हरीश ने कहा रिहाई की दिशा में शीघ्र कदम उठाए सरकार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

प्रदेश की सरकार नक्सलवाद समाप्त करने की नीति के तहत बड़े नक्सलियों को मुख्यधारा में वापस लाने का प्रयास कर सकती है, तो

■ रिहाई को लेकर जिला मुख्यालय में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

जेलों में बंद आदिवासियों के मामलों की भी गंभीरता से समीक्षा की जानी चाहिए। उक्त बातें सुकमा जिला मुख्यालय में आयोजित प्रदर्शन के दौरान बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने कही। जिले में नक्सल प्रकरणों में वर्षों से जेल में बंद आदिवासियों की रिहाई की मांग को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस ने जिला मुख्यालय के बस स्टैंड परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे बड़ी संख्या में आदिवासी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निर्दोष आदिवासियों की रिहाई की मांग उठाई।

### नक्सल मामलों की हो निष्पक्ष समीक्षा

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में नक्सलवाद समाप्त होने और कई बड़े नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद भी ऐसे आदिवासी, जो वर्षों से विभिन्न नक्सल मामलों में जेल में बंद हैं, आज भी न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इन मामलों की निष्पक्ष समीक्षा कर निर्दोष आदिवासियों को शीघ्र रिहा करने की मांग की।

### निर्दोष आदिवासियों की हो रिहाई

पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि सरकार आत्मसमर्पण करने वाले बड़े नक्सलियों का स्वागत कर उन्हें मुख्यधारा में शामिल कर रही है, लेकिन उन आदिवासियों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा, जो कथित रूप से नक्सली घटनाओं में शामिल होने के आरोप में वर्षों से जेलों में बंद हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने निर्दोष आदिवासियों की रिहाई की दिशा में शीघ्र कदम नहीं उठाए तो कांग्रेस इस आंदोलन को और तेज करेगी।

### संवेदनशीलता दिखाए सरकार

आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि सरकार नक्सलवाद समाप्त करने की नीति के तहत बड़े नक्सलियों को मुख्यधारा में वापस लाने का प्रयास कर सकती है, तो जेलों में बंद आदिवासियों के मामलों की भी गंभीरता से समीक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनेक परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर हैं और वर्षों से न्यायिक लड़ाई लड़ने या वकीलों की फीस वहन करने में सक्षम नहीं हैं। उन्होने मांग की है कि नक्सल प्रकरणों में जेल में बंद आदिवासियों के मामलों की विशेष समिति बनाकर निष्पक्ष जांच कराई जाए और जो निर्दोष हैं, उन्हें जल्द रिहा किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर संवेदनशीलता दिखानी चाहिए, अन्यथा कांग्रेस जनता के साथ मिलकर आंदोलन को और व्यापक रूप देगी।

## सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को लेकर कार्रवाई



**दंतेवाड़ा।** नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समस्त व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं परिसर संचालकों को नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी प्रदान की। नगर पालिका क्षेत्र में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय एवं उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने हेतु निरीक्षण अभियान चलाया गया। इसके अलावा साथ ही जन शिकायतों के समयबद्ध निराकरण एवं स्वच्छता संबंधी नियमों के पालन के लिए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार नगर पालिका क्षेत्र में विशेष निरीक्षण अभियान के दौरान 33 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से 6,020 का जुर्माना, शुल्क वसूल किया गया। नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा द्वारा नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की गई है कि वे प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करे।

## लो वोल्टेज से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

गीदम जनपद के ग्राम पंचायत कारली 2 के मेंडोलीपारा गांव में पिछले दो वर्षों से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। कम वोल्टेज के कारण ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। घरों में पंखे, बल्ब और टीवी तक ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। सबसे अधिक

■ समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

परेशानी किसानों को हो रही है। बोर से पानी निकालने और खेतों की सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है।

वोल्टेज कम होने के कारण मोटरें बार-बार बंद हो जाती हैं और जल जाती हैं। इससे किसानों की खेती प्रभावित हो रही है और आर्थिक नुकसान भी बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में लिखित आवेदन भी दिए जा चुके हैं। गांव के पूर्व सरपंच



उमेश कश्यप ने कहा कि मेंडोलीपारा में नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग कई बार की गई है। विभाग ने केवल तार बिछाकर छोड़ दिया है, लेकिन ट्रांसफार्मर अब तक नहीं लगाया गया।

इसी कारण वोल्टेज की समस्या लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार आवेदन देने के बाद भी प्रशासन और बिजली विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। गर्मी और बरसात के दिनों में स्थिति और खराब हो जाती है। इस संबंध में विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि ग्रामीणों की मांग का डिमांड डिवीजन कार्यालय भेज दिया गया है शीघ्र ही गांव में ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रवेश कार्यक्रम आज

**जगदलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा 26 जुलाई को भाजपा प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन करेगा। जिला अध्यक्ष अभिलाष यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवा सदस्यता ग्रहण करने के लिए उत्साहित हैं। उपाध्यक्ष आनंद झा ने बताया कि कार्यक्रम में सभी मंडलों एवं कार्यकर्ताओं को जम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। संगठन का लक्ष्य अधिकाधिक युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़कर राष्ट्रहित के कार्यों में सहभागी बनाना है।

### पुराने 2जी, 3जी सिम को 4जी सिम फ्री में हो रहा अपग्रेड

**जगदलपुर।** बीएसएनएल बस्तर के हर जिले, तहसील, गांव स्तर तक 4जी सेवा का विस्तार कर चुका है अब नए टावर भी 4जी तकनीक के साथ ही शुरू किए जाएंगे। इसलिए बीएसएनएल के समस्त 2जी, 3जी के ग्राहकों की सुविधा के लिए 31 जुलाई तक 4जी सिम फ्री प्रदान करने की व्यवस्था की है। बीएसएनएल के 4जी सिम से भविष्य में 5जी सेवा का भी उपयोग किया जा सकेगा। 4जी, 5जी सिम के माध्यम से तेज गति से इंटरनेट ब्राउजिंग, डाउनलोडिंग, प्रभावी वीडियो कॉलिंग, ऑनलाइन मीटिंग, बेहतर वीडियो स्ट्रीमिंग जैसी मूल्यवर्धक सेवाएं संभव है। ग्राहक अपने नजदीकी उपभोक्ता सेवा केंद्र, रिटेलर्स से 4जी, 5जी सिम प्राप्त कर सकता है।

### 8 कार्यों के लिए 47.19 लाख मंजूर

**दंतेवाड़ा।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जिले के गीदम नगर पंचायत में 8 कार्यों के लिए 47 लाख 19 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें आरसीसी नाली निर्माण के 5 तथा सीसी सड़क, सामुदायिक शौचालय की मरम्मत और चबूतरा निर्माण के एक-एक कार्य शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विकास ने गीदम नगर पंचायत में 5 आरसीसी सड़कों के लिए कुल 34 लाख 56 हजार रुपए मंजूर किए हैं। वहीं सीसी सड़क के निर्माण के लिए 5 लाख 11 हजार रुपए, सामुदायिक शौचालय की मरम्मत के लिए 4 लाख 75 हजार रुपए तथा शौचालय के पास चबूतरा निर्माण के लिए 2 लाख 77 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 1200 ड्रॉपआउट बच्चे लौटेंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विशेष पहल की जा रही है। कलेक्टर विश्वदीप एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे के निर्देशन में नक्सल प्रभावित और अंदरूनी क्षेत्रों के 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 1200 बालक-बालिकाओं की पहचान कर उन्हें आवासीय पोर्टा केबिनों में प्रवेश दिलाया गया है।

ये ऐसे बच्चे हैं जिन्होंने गांव में स्कूल की सुविधा नहीं होने, घरेलू कार्यों या नक्सल प्रभावित परिस्थितियों के कारण बीच में पढ़ाई छोड़ दी थी अथवा कभी स्कूल ही नहीं जा सके। शिक्षकों, अधीक्षकों और अनुदेशकों के सहयोग से इन बच्चों को विद्यालयीन वातावरण के अनुरूप ढालने के लिए प्रारंभिक दिनों में टीवी, भ्रमण, खेलकूद, नृत्य, क्राफ्ट और चित्रकला जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं।

अब इन बच्चों की शैक्षणिक क्षमता का आकलन कर उनकी उपयुक्त कक्षाओं का निर्धारण करने के लिए तीन माह का ब्रिज कोर्स संचालित किया जाएगा। इस दौरान बच्चों के पूर्व ज्ञान का मूल्यांकन करते हुए बुनियादी भाषा कौशल और संख्या ज्ञान को मजबूत किया जाएगा। ब्रिज कोर्स पूर्ण होने के बाद परीक्षा लेकर बच्चों के शैक्षणिक स्तर के अनुसार उन्हें उचित कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा की नई अलख

### भोजन व्यवस्था में न हो कोई लापरवाही

इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे ने जिला शिक्षा अधिकारी, डीएमसी, सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, बीआरसी एवं संकुल समन्वयकों की बैठक लेकर निर्देश दिए हैं कि ब्रिज कोर्स से जुड़े बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण अध्ययन-अध्यापन तथा भोजन व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि वे सहज रूप से शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल हो सकें।



### बच्चों के लिए किए जाएंगे हर संभव प्रयास

जिला शिक्षा अधिकारी राजेश पांडेय ने कहा कि वर्षों बाद बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे दोबारा शिक्षा व्यवस्था से जुड़ रहे हैं। इन बच्चों को विशेष देखभाल और अतिरिक्त प्रयास की आवश्यकता है तथा प्रशासन की मंशा के अनुरूप उनके समग्र विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर हुआ स्वागत

# छात्र जीवन मनुष्य के जीवन का स्वर्णिम काल : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धरमपुरा खेल परिसर में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। समारोह में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, पालकों और नव-प्रवेशी बच्चों ने सहभागिता निभाई। इस दौरान बच्चों का तिलक लगाकर और पुस्तक भेंटकर स्वागत किया

- धरमपुरा खेल परिसर में हुआ शाला प्रवेशोत्सव




गया। पूरा परिसर बच्चों की खिलखिलाहट और जय हिंद, जय भारत के देशभक्ति जयघोष से गूंज उठा।

मुख्य अतिथि विधायक किरण सिंह देव ने नव-प्रवेशी बच्चों को स्नेह व आशीर्वाद दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि छात्र जीवन मनुष्य के जीवन का स्वर्णिम काल होता है, जो जीवन में केवल एक ही बार आता है। राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को समय का सही उपयोग करने तथा पूरी मेहनत व लगन के साथ पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित माता-पिता और अभिभावकों से भी अपील की कि अपने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दें और उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजें, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे।

सांसद महेश कश्यप ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज बस्तर के हर एक किलोमीटर के दायरे में प्राथमिक शालाएं, तीन किलोमीटर में मिडिल स्कूल और इसके साथ ही उच्च शिक्षण संस्थान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। संभाग में मेडिकल कॉलेज, आयुष अस्पताल और अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना से अब बस्तर की पूरी तस्वीर बदल रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने रेखांकित किया कि दूरस्थ और नक्सल प्रभावित इलाकों में पिछले दो दशकों से बंद पड़े स्कूलों को पुनः संचालित किया गया है। जिससे वर्षों से वंचित बच्चे एक बार फिर मुख्यधारा की शिक्षा से जुड़ रहे हैं। अब अबूझमाड़ और जगदलपुर जैसे क्षेत्रों को एजुकेशन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है और शांति तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से बस्तर में नक्सलवाद का खात्मा हो रहा है।

विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की सराहना करते हुए बताया कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए परिसर में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया है।

महापौर संजय पांडे ने शिक्षा के अर्थ और नैतिक मूल्यों पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल पाठ्यपुस्तकों का ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में उच्च संस्कारों और आचरण को गढ़ना समाज, शिक्षकों और अभिभावकों का एक साझा दायित्व है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को रेखांकित करते हुए कहा कि जब तक संस्कार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एक साथ नहीं मिलेंगे, तब तक राष्ट्र निर्माण का सपना पूरा नहीं हो सकता।

### छात्राओं को मिली साइकिल

इस दौरान सरस्वती सायकिल योजनांतर्गत छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी और विद्यार्थीगण एवं अभिभावकगण मौजूद रहे।

# ड्रॉप आउट बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़ने करें पहल : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और शत-प्रतिशत बच्चों की विद्यालयों में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल छोड़ चुके ड्रॉप आउट बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने के

- कमिश्नर ने ली स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक

लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

ड्रॉप आउट बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा में लाने के लिए शिक्षकों, पालकों, ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय समुदाय के सहयोग से सकारात्मक पहल की जाए। उन्होंने इस कार्य की नियमित समीक्षा कर प्रभावी परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मध्यान्ह भोजन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराया जाए। भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और नियमितता पर विशेष ध्यान देने के साथ ही इसकी सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कमिश्नर ने कहा कि पात्र छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत समय पर लाभान्वित किया जाए ताकि उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिले और वे नियमित रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक है।



कमिश्नर ने सभी शासकीय विद्यालयों में इस माह के अंत तक अनिवार्य रूप से एक बार न्यौता भोज आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में स्वयंसेवी संस्थाओं, स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों का सहयोग लिया जाए, जिससे विद्यालय और समाज के बीच सहभागिता मजबूत हो तथा विद्यार्थियों में आत्मीयता और उत्साह का वातावरण बने।

बैठक में निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण सहित जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र प्रदाय, अपार आईडी निर्माण, पीएम पोषण, शक्ति योजना, विद्युत विहीन शालाओं में बिजली आपूर्ति, नवीन शाला भवनों के निर्माण और शिक्षकों की नियमित उपस्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक शिक्षा एचआर सोम और सहायक संचालक राजेश कर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा और खंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्रोत समन्वयक वर्चुअल तौर पर जुड़े रहे।

# नगरनार स्टील प्लांट ट्रेनी भर्ती में बस्तर के युवाओं को मिले प्राथमिकता : नवनीत

**जगदलपुर।** बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक, दंडकारण्य टिप-ट्राला संघ के सचिव एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने एनएमडीसी स्टील लिमिटेड नगरनार के जारी एग्जीक्यूटिव ट्रेनी भर्ती पर प्रश्न उठाते कहा कि यह भर्ती 102 पदों के लिए है। चयन प्रक्रिया में सी.बी.टी, ग्रुप डिस्कशन और इंटरव्यू का प्रावधान है।



- 102 पदों की भर्ती में पूरी पारदर्शिता होना जरूरी

राज्य के युवाओं के रोजगार अवसरों का विरोध नहीं है। लेकिन बस्तर की जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा पर आधारित उद्योग स्थापित हैं इसलिए स्थानीय युवाओं के लिए विशेष रोजगार नीति, कौशल विकास और प्रतिनिधित्व की व्यवस्था होनी चाहिए। स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की नीति पर गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों एवं स्थानीय तकनीकी, शैक्षणिक विशेषज्ञों को पर्यवेक्षक अथवा उपयुक्त भूमिका में शामिल करने पर विचार किया जाए। बस्तर के युवाओं ने वर्षों से उद्योगों की स्थापना, भूमि अधिग्रहण और विकास परियोजनाओं का प्रभाव झेला है। इसलिए रोजगार के अवसरों में उनकी न्यायसंगत भागीदारी सुनिश्चित करना सामाजिक न्याय और संतुलित विकास का विषय है।

# देश में प्राकृतिक चिकित्सा का अपना विशेष महत्व : देव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिरिंगपाल में 2 करोड़ 81 लाख की लागत से 10 शैय्यायुक्त योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल ने किया। किरण देव ने कहा कि जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के बिरिंगपाल में भवन के निर्माण से आसपास क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। देश में प्राकृतिक चिकित्सा का अपना विशेष महत्व है। चिकित्सा के क्षेत्र में सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने निर्माण कार्य तय समय सीमा में करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, आरेंद्र सिंह, रितेश पटृजोशी, महेन्द्र सेठिया, राजेश शर्मा जयमोहन एवं चिकित्सकगण उपस्थित थे।

- 10 शैय्यायुक्त योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र का हुआ भूमिपूजन




## नीट पेपर लीक और छात्रा की आत्महत्या मामले पर कांग्रेस की भूख हड़ताल

**जगदलपुर।** स्टेट बैंक चौक में 2 दिन से कांग्रेस नेताओं ने भूख हड़ताल कर केंद्र सरकार को जमकर कोसा। नीट पेपर लीक मामले में लाखों परीक्षार्थियों का भविष्य खराब होने और आड़ावाल की छात्रा की आत्महत्या में केंद्र सरकार को दोषी ठहराते भूख हड़ताल की गई। शनिवार को पूर्व महापौर जतीन जायसवाल, अनवर खान, कोमल सेना, सूर्या पानी, गौरनाथ, अंकित सिंह, लोकेश चौधरी सहित अन्य कांग्रेसी भूख हड़ताल में बैठे ।

विधायक से मिले बंगाली समाज के प्रतिनिधि

# तीन पीढ़ी से जोत रहे खेत, नहीं मिला मालिकाना हक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दंडकारण्य परियोजना के तहत बस्तर में बसे विस्थापित बंगाली परिवारों को आबंटित कृषि व आवासीय भूमि का मालिकाना हक के लिए समाज के लोग विधायक से मिले। निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति एवं बंगाली समाज राष्ट्रीय संगठन बस्तर संभाग के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। विधायक ने स्थायी निराकरण का भरोसा दिया। बताया गया कि



तीन पीढ़ियों से खेत जोत रहे है लेकिन अभी तक भूमि का मालिकाना हक नहीं मिला है।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बांग्लादेश से आए विस्थापित परिवारों को भारत सरकार ने दंडकारण्य विकास प्राधिकरण के माध्यम से पुनर्वासित किया था। पिछले लगभग 60 वर्षों से इन जमीनों पर काबिज होकर खेती-किसानी कर रही हैं। कड़े परिश्रम से बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने वाले इन परिवारों को आज तक भूमि की वैधानिक रजिस्ट्री, डायवर्सन और भूमिस्वामी अधिकार नहीं मिला हैं, लगातार प्रशासनिक और कानूनी अड़चनों से जूझ रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान संभागीय अध्यक्ष जीवानंद हालदार, महासचिव श्याम घोष, सह सचिव प्रदीप गुहा, मीडिया प्रभारी मृण्मय बारोई, अनिमेश पाल, गोपाल मालिक, राकेश हालदार, मोनी डे, दिलीप गुहा, तपन दत्ता, बिजन विश्वास, मिंटू सहित अन्य उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# कैरम स्पर्धा में जगदलपुर चौथी बार बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विद्युत कंपनी अंतरक्षेत्रीय कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता वर्ष 2026-27 का 22 से 24 जुलाई तक आयोजन किया गया। कै रम में जगदलपुर एवं शतरंज में रायपुर सेंट्रल की टीम विजेता रही। बताया जा रहा है कि कै रम स्पर्धा में जगदलपुर क्षेत्र की टीम चौथी बार विजेता बना है। कंपनी के गीदम रोड स्थित प्रशासनिक भवन परिसर के कल्याण भवन में शुक्रवार की शाम को स्पर्धा का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोक कुमार गुप्ता, अध्यक्षता केन्द्रीय पर्यवेक्षक पंकज चौधरी, विशिष्ट अतिथि छग कै रम एसोशियन के सचिव विजय कुमार, नेशनल अंपायर आलोक गुहा, चीफ आर्बीटर तरूण सारर्थी, विक्रम सिहराजपूत, मनोज साहू रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैरम स्पर्धा में जगदलपुर क्षेत्र विजेता, दुर्ग क्षेत्र उप विजेता, एकल में विनोद राठौर विजेता, कमलेश ठाकुर उप विजेता रहे। एकल पुरूष वर्ग में एसके शर्मा, राजेश गोपाल गुप्ता, मनीष ठाकुर, मुकेश कुमार सोनकर रहे। साथ ही विनोद राठौर, कमलेश ठाकुर, सुजीत मोदी, सलीम खान, नागेश्वर राव, कमलेश साहू, सुभाम बनसौर एवं सुशांत कटकवार राष्ट्रीय टीम के लिए चयनित किए गए। महिला वर्ग में रायपुर सेंट्रल विजेता, दुर्ग क्षेत्र उप विजेता, एकल महिला वर्ग में कचन महेश ठाकुर विजेता, नमिता जैन उप विजेता रही और ओपन टू फिनिश पुरूस्कार कमलेश ठाकुर को मिला। शतरंज पुरूष वर्ग में रायपुर सेंट्रल विजेता, दुर्ग क्षेत्र उप विजेता, महिला वर्ग में कोरबा पश्चिम विजेता, रायपुर सेंट्रल उप विजेता रहे। एकल महिला वर्ग में नूतन ठाकुर, भारती फै रारो, सुप्रीया रानी, पूजा रानी राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित किए गए।



**शामिल रहे क्रीड़ा प्रभारी :** क्रीड़ा प्रभारी गणेश्वर राम ध्रुव, जगदलपुर क्षेत्र के कप्तान सलीम खान, अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता सलीम खान, प्रदीप अग्रवाणी, सुदीप खेस, अमर भगत, नंद कुमार मांझी, सहायक अभियंता विनोद टंडन, एसआर भद्रे, नंदलाल कासी, फनेश्वर यादव, लेखाधिकारी केके जार्ज, प्रशासनिक अधिकारी सिंधू नेताम, सत्यजीत चौधरी, मंगल ठाकुर रहे।

### खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

अंतरक्षेत्रीय स्पर्धा में विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र, रायपुर क्षेत्र, मड़वा क्षेत्र, राजनांदगांव क्षेत्र, रायपुर सेंट्रल, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर, कोरबा पूर्व एवं कोरबा पश्चिम के खिलाड़ी शामिल हुए। खिलाड़ियों में से कै रम के 84 एवं शतरंज के 62 यानि 146 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया है।

PM-JAY (आयुष्मान भारत योजना) के तहत त्वरित, सरल और कैशलेस सुविधा
मित्तल हॉस्पिटल
अब आयुष्मान योजना द्वारा
डायलिसिस सेवा उपलब्ध
Dr Abhishek Tiwari
DrNB (Nephrology)
पूर्णकालिक सेवा उपलब्ध
अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें
अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट द्वारा देखभाल
किडनी रोग विशेषज्ञ टीम
नियमित जांच और मॉनिटरिंग
24x7 आपातकालीन सुविधा
होली क्रास स्कूल के सामने, अवंति बाई चौक, पंडरी, रायपुर
फोन: 93430 79151, 91313 99570